प्रादेशिक समाचार
19.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल ने 'पहला कदम दिव्यांग स्कूल' के बच्चों से किया संवाद, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर दिया जोर।
2. झारखंड पुलिस के लिए नया ड्रेस कोड लागू, वर्दी के साथ रंग–बिरंगे कपड़ों पर रोक, नियम तोड़ने पर होगी नियमानुसार कार्रवाई।
3. डालटनगंज में किसान मेला आयोजित, कृषि मंत्री और वित्त मंत्री ने किया उद्घाटन, किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और परिसंपत्तियों का दिया गया लाभ।
4. झारखंड के 11 जिलों में बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी, मौसम विभाग ने वज्रपात से बचाव की अपील की।
5. गुमला में कल से जेएससीए अंतर जिला अंडर–23 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज धनबाद स्थित 'पहला कदम दिव्यांग स्कूल' के बच्चों से राज भवन में संवाद किया। उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में केंद्र सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह संस्थान दो बच्चों से शुरू हुआ था और अब दिव्यांगों को स्वावलंबी बना रहा है। बच्चों ने झारखंड के लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और शुभकामनाएँ दीं।

इधर, चिक बड़ाईक समन्वय समिति ने राज्यपाल से मुलाकात कर खतियान में नाम की विसंगति दूर करने की मांग की है। राज्यपाल ने विषय को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

*******************

झारखंड पुलिस के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया गया है, जिसके तहत अब वर्दी के साथ रंग–बिरंगे स्वेटर या जैकेट पहनने पर रोक होगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश के अनुसार, पुलिसकर्मियों को सिर्फ खाकी रंग का स्वेटर या जैकेट पहनना होगा, जिस पर पद के अनुरूप बैच अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया और भ्रमण के दौरान नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से नेम प्लेट लगानी होगी।

*******************

डालटनगंज के शिवाजी मैदान में आज प्रमंडल स्तरीय किसान मेला–सह–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण–आत्मा द्वारा आयोजित इस मेले में किसानों को जैविक खेती, सिंचाई, मृदा परीक्षण और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर कृषि मंत्री ने पलामू में तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा की।

*******************

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार ने ग्रामीण नागरिकों के जीवन को अधिक आरामदायक बनाने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाए शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। श्री सिंह ने नई दिल्ली में अफ्रीकी–एशियाई ग्रामीण विकास संगठन–एएआरडीओ के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत एएआरडीओ को अपने समर्थन के साथ ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाएगा।

*******************

चतरा में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आज शुभारंभ हुआ। पर्यटन एवं कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने इटखोरी को हिंदू, जैन और बौद्ध धर्मों का संगम बताते हुए इसकी वैश्विक पहचान बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही अगले वर्ष महोत्सव को और भव्य तरीके से आयोजित करने की घोषणा की।

*******************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने युवाओं से आदिवासी समुदाय की परंपरा, संस्कृति और भाषा की रक्षा करने का आह्वान किया है। आयोग के 22वें स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि युवाओं को जन जागरण जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से इस प्रयास में शामिल किया जा रहा है। श्री आर्य ने कहा कि आयोग 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को पूरी लगन से क्रियान्वित कर रहा है।

*******************

झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने रांची में आज इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसमें शिक्षाविद, तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने इंडस्ट्री, शिक्षण संस्थानों और सरकार के समन्वय पर जोर दिया।

*******************

रांची के कक्षा तीन में पढ़नेवाले अष्विक ने पशु जगत के बारे में जूनियर इनसाइक्लापीडिया नाम की पुस्तक लिखी है।

*******************

कोडरमा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया और 22 चोरी की बाइक बरामद की है। एसपी अनुदीप सिंह ने जानकारी दी कि यह गिरोह कोडरमा समेत आसपास के जिलों में बाइक चोरी करता था और जंगल में बने गुप्त ठिकाने पर छिपाकर बेचता था।

इधर, गिरिडीह जिले के पीरटांड़ में पुलिस और सीआरपीएफ ने नक्सल विरोधी अभियान में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर खुखरा थाना क्षेत्र के जंगलों में यह छापेमारी की गई।

*******************

झारखंड के रांची, धनबाद, बोकारो समेत 11 जिलों में अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है और सतर्क रहने की अपील की है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादल छाए रहेंगे और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

*******************

गुमला जिले के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में कल से जेएससीए अंतर जिला अंडर–23 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होगा। लीग चरण में पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, रामगढ़, दुमका, पलामू और खूंटी की टीमें खेलेंगी। तीन मार्च को क्वार्टर फाइनल, पांच मार्च को सेमीफाइनल गुमला में होगा, जबकि फाइनल मुकाबला सात मार्च को बोकारो में खेला जाएगा।

*******************

<u>संक्षिप्त खबरें</u>

➢ सरायकेला खरसावां के काली मंदिर परिसर में भाजपा ने केंद्रीय बजट 2025 पर परिचर्चा आयोजित की गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बजट की प्रमुख योजनाओं को समझाया।

➢ हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में परीक्षा शुल्क वृद्धि को लेकर छात्रों ने हंगामा किया है। कुलपति ने आदेश स्थगित करते हुए भविष्य में छात्र संगठनों से वार्ता का आश्वासन दिया है।

*******समाप्त********